




## एक नजर में

### ओंकारेश्वर में बनेगा 50 बेड वाला सिविल अस्पताल



**खजुराहो में आयोजित मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया गया निर्णय**

**खण्डवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंशन सेंटर में मंत्रि-परिषद की बैठक सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद की बैठक में प्रदेश के 11 जिलों की 12 स्वास्थ्य संस्थाओं के उन्नयन प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। बैठक में खंडवा जिले के ओंकारेश्वर स्थित 20 बिस्तरीय सिविल अस्पताल का विस्तार कर अब उसे 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है।

### संरक्षा सप्ताह का आयोजन

**मून्दी।** श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना (SSTPP) में दिनांक 03 से 09 दिसंबर तक भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में प्रांतीय संरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले इस कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा जागरूकता से जोड़ने हेतु कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। कार्यक्रमों में नुक्कड़ नाटक, सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण, तथा क्लोरीनेशन प्लांट (फेज-2) में क्लोरीन गैस रिसाव का मॉक ड्रिल प्रमुख आकर्षण रहे। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के बीच सर्वोत्तम साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वृत्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिनांक 09 दिसंबर 2025 को आयोजित समापन समारोह में मुख्य अभियंता जे. सी. जुनवाल ने पॉवर प्लांट में कार्य के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा सदैव सतर्क रहने का आग्रह किया। इस अवसर पर सप्ताहभर आयोजित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव अरोरा, सुभाष गुप्ता, वी. एस. मल्ल, एम. के. कोरी, तथा वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आर. एस. अलावा तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा टेका श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन का सफल संचालन सुरक्षा विभाग के अधिकारी शैलेश चौहान एवं विल्सन जय लाकरा द्वारा किया गया।

### आमने सामने कार्यक्रम में शामिल हुई कौन बनेगा करोड़पति प्रतियोगी कविता पारखे



**सद्भावना मंच सदस्यों से साझा किए अपने अनुभव**

**खंडवा।** सद्भावना मंच के बहुचर्चित कार्यक्रम आमने सामने में कौन बनेगा करोड़पति की प्रतियोगी कविता पारखे शामिल हुईं। सद्भावना मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि खंडवा निवासी जिला न्यायालय में सेवारत कविता पारखे ने हाल ही में कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम में 12.5 लाख रुपए की धनराशि जीतकर खंडवा का परचम फहराया और अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम में संस्थापक प्रमोद जैन ने बधाई देते हुए उनका स्वागत सम्मान करते हुए कहा कि खंडवा प्रतिभाओं का गढ़ है। अंत में कई सदस्यों ने उनसे प्रतियोगी से जिज्ञासावश प्रश्न भी पूछे। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, श्री पारखे, त्रिलोक चौधरी, सुनील सोमानी, अर्जुन बुंदेला, सुरेन्द्र गीते, गणेश भावसार, प्रियंक पाठक, एन के दवे, योगेश गुजराती, कैलाश शर्मा, कमल नागपाल, सुनील सोमानी, राजा शर्मा, संतोष सोनी, अशोक पारवानी, तरुण दुबे, श्री गीते, मुरली कोडवानी, राधेश्याम शाक्य, विजया द्विवेदी, रूपल भदरेले, सुभाष मीणा, आकांक्षा सिसोदिया आदि उपस्थित रहे।

### दादाजी धूनीवाले के 'नए मंदिर का मॉडल' बना श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र



**खण्डवा।** श्री दादाजी धूनी वाले के नए मंदिर का निर्माण किया जाना है। नए मंदिर का मॉडल अहमदाबाद से तैयार होकर दादाजी आश्रम पहुंच गया। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने मंगलवार सुबह दादाजी आश्रम पहुंचकर नए मंदिर के मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान दादाजी धूनी वाले मंदिर निर्माण समिति के अन्य सदस्यगण भी मौजूद थे।

### सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की जांच की गई



**खण्डवा।** मंगलवार को जिले के सरकारी अस्पतालों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती एवं हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की स्त्री रोग विशेषज्ञ व चिकित्सकों द्वारा जांच कर उपचार किया गया। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को चिकित्सक द्वारा आवश्यकतानुसार सोनोग्राफी के लिए खण्डवा भेजकर नि:शुल्क सोनोग्राफी कराई जा रही है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत हर माह की 9 एवं 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है, ताकि मातृ मृत्यु दर मे कमी लायी जा सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करने के लिए उनकी एनिमिया, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, टीबी, गुर्दे, हृदय रोग, मलेरिया, एच.आई.वी., हैपेटाइटिस बी जैसी समस्याओं की जांच की जाती है। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को काउंसलिंग के दौरान स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहने, पोष्टिक आहार लेने व संस्थागत प्रसव कराने की समझाइश भी दी जाती है।

# मून्दी पुलिस ने गैंग रेप के आरोपियों को गिरफ्तार किया

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खण्डवा मनोज कुमार राय द्वारा महिला संबंधी एवं गंभीर अपराध के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी मूंदी द्वारा अपराध क्रमांक 532/25 धारा 70(1), 332(बी), 351(3) B.N.S. में गैंग रेप के 5 आरोपिगण एवं 1 बालअपचारी को गिरफ्तार किया गया।

फरियादिया वर्तमान में अपने पति के साथ खोट पर लिये खेत पर ही झोपडी बनाकर रहती है तथा खेत की रखवाली का काम करती है। दिनांक 29.11.25 की रात्रि में 05 आरोपीगण तथा 1 बाल अपचारी खेत पर आये तथा फरियादिया के पति के साथ आग तापने लगे थोडी देर बाद फरियादिया का पति गांव तरफ काम से चला गया। इस बीच 2 आरोपीगणो ने बारी - बारी से फरियादिया के साथ झोपड़ी के अन्दर जाकर गलत काम किया तथा 3 अन्य आरोपी एवं बाल अपचारी झोपडी के बाहर बैठकर आग तापते हुये फरियादिया के पति के वापस खेत पर आने हेतु नजर रखकर अपराध में



सहयोग किया गया।


उक्त सभी आरोपिगणों ने उसके पति को जान से खतम करने की धमकी दी थी इस कारण घटना किसी को नही बताई थी। दिनांक 07.12.2025 को फरियादिया ने अपने पति को घटना बताई तथा पति को साथ लेकर दिनांक 08.12.25 को रिपोर्ट करने थाने पर आई थी।

फरियादिया की रिपोर्ट पर 05 आरोपीगण तथा 1 अपचारी बालक कुल 06 लोगो के विरूद्ध थाना मूंदी में अपराध क्रमांक 532/25 धारा 70(1), 332(बी), 351(3) B.N.S. का अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। फरियादिया के प्रकरण को गंभीरता के लेते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया व थाना टीम द्वारा 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को दिनांक 09.12.25 को गिरफ्तार किया गया। सभी 05 आरोपीगणों को न्यायालय पुनासा में पेश किया गया जहाँ से सभी आरोपिगणों को जिला जेल खण्डवा भेज दिया गया। बाल अपचारी को बाल न्यायालय खंडवा के यहाँ पेश किया गया, जहाँ से उसे बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

### सराहनीय भूमिका

थाना प्रभारी मूंदी निरीक्षक राजेन्द्र नरवरिया व थाना टीम की सराहनीय भूमिका रही है।

# नाव के पेट्रोल इंजन में आग लगी, बड़ा हादसा टला श्रद्धालुओं ने जान बचाई, कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए



**नवभारत न्यूज**

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में मंगलवार को मंदिर घाट से केवलराम घाट जा रही एक नाव के पेट्रोल इंजन में अचानक आग लगने से बड़ा हादसा टल गया। नाव में सवार 6-7 नवयुवक श्रद्धालु समय रहते सुरक्षित बाहर निकल आए। घाट पर मौजूद नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पाया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सीएमओ मोनिका पारधी को तुरंत जांच के निर्देश दिए।

प्रत्यक्ष दर्शियों के माने तो इंजन गर्म होने से पेट्रोल ने आग लगने का कारण बताया जा रहा हैं। उधर, नर्मदा नदी में नाव संचालन को लेकर पिछले तीन वर्षों से चल रहा विवाद भी फिर उभर आया है। नाविकों का आरोप है कि कई अनुभवी नाविक आज भी लाइसेंस से वंचित हैं, जबकि नाव चलाने का पर्याप्त अनुभव न रखने वालों को लाइसेंस जारी कर दिए गए हैं। नावों में 20-30 लीटर पेट्रोल का उपयोग और नर्मदा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए सुरक्षा जोखिम अधिक बढ़ गए हैं। कई जगह नाबालिगों द्वारा नाव संचालन किए जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

नाविक संघ दो हिस्सों में बंटा होने से निर्णय प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, वहीं घाटों की सीमित क्षमता के बावजूद नर्मदा में 300 से अधिक नावों का संचालन अव्यवस्था पैदा कर रहा है। नाविकों ने प्रशासन से पूर्व में जिनके परिवार से नौका संचालन करते आ रहे या चप्पू चलित यह प्रत्यक्ष रूप से नौका संचालन से जुड़े हो ऐसे नौका संचालकों को लाइसेंस दिया जाना चाहिए। लेकिन ऐन केन प्रकारेण तरीके से कुछ लाइसेंस ऐसे भी जारी हुए हैं जिनको नौका संचालन के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं है ऐसे लाइसेंस को निरस्त करना चाहिए जिनका नौका संचालन से कोई पैतृक लेना देना नहीं।

# बाल स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ नहीं मिला

## कलेक्टर गुप्ता ने जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनी

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत कलेक्टर ऋषव गुप्ता प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधीनस्थ अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण करवाते हैं। इसी क्रम में मुकेश कुमार एवं अन्य ने कलेक्टर श्री गुप्ता को आवेदन देकर अनुरोध किया कि प्रणाम सिटी फेस-1 कॉलोनी के मुख्य मार्ग से सिंहाड़ा रोड़ के मुख्य मार्ग तक डामरीकरण कराया जाए, जिस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को नागरिकों की समस्या के निराकरण के सम्बंध में निर्देश दिए।

जनसुनवाई में कमल किशोर पिता रामगोपाल जायसवाल निवासी जलकुआं ने कलेक्टर को आवेदन देकर अनुरोध किया कि उसने 7 एकड़ क्षेत्र में तरबूज की फसल लगाई थी, जो कि अतिवर्षा के कारण नष्ट हो गई है। अत: फसल क्षति का मुआवजा दिलाया जाए, जिस पर उन्होंने उप संचालक कृषि को आवेदक की पात्रता अनुसार आवश्यक मदद दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में सपना दुफारे ने कलेक्टर को आवेदन देकर अनुरोध किया कि उसने ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण मानसर हरियाणा में लिया था, लेकिन ड्रोन दीदी कार्यक्रम के तहत उसे अभी तक ड्रोन नहीं मिला है जबकि उसके साथ की अन्य महिलाओं को ड्रोन मिल चुका है, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मामले की जांच कर आवेदिका को पात्रता अनुसार मदद करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में जया दशोरे ने कलेक्टर को आवेदन देकर अनुरोध किया कि उसके पति की मृत्यु कोविड से हो गई थी, उसके पुत्र को बाल स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है, जिस पर उन्होंने कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को आवेदिका की पात्रता अनुसार मदद करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में इंदिरा भोरगा ने कलेक्टर को आवेदन देकर अनुरोध किया कि उसके पति कृषि उपज मंडी हरसूद में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ थे उनका निधन हो चुका है, इसके बावजूद उनकी समूह बीमा योजना, अवकाश नकदीकरण, पेंशन सहित कोई भी भुगतान अभी तक नहीं मिला है, जिस पर उन्होंने मंडी सचिव खण्डवा ओपी. खेड़े को आवेदिका की समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए उसे पात्रता अनुसार भुगतान दिलाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अरविंद चौहान, डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।




# प्रथम बार खंडवा स्टेशन पहुंची हड़पसर ट्रेन का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। क्षेत्रवासियों को मंगलवार से नई साप्ताहिक ट्रेन संख्या 15589/90 मुजफ्फरपुर हड़पसर एसी एक्सप्रेस की सौगात मिली है। प्रथम आगमन पर ट्रेन के लोको पायलट का पुष्प माला पहना कर स्वागत किया गया।**

समाज सेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि ट्रेन संख्या 15589 मुजफ्फरपुर से निकल कर मंगलवार शाम 5.45 बजे खंडवा पहुंची। ट्रेन के प्रथम आगमन पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और शहरवासियों की तरफ से ट्रेन के लोको पायलट बीपी राणे और सिद्धार्थ सिंग को पुष्प माला पहना कर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने बताया कि नई ट्रेन के शुरू होने से खासकर पुणे के लिए हमारी ओर से लगातार पुणे के लिए ट्रेनों की बढ़ोतरी की मांग पूरी हुई है। सांसद पाटिल ने क्षेत्रवासियों से नई ट्रेन सुविधा का लाभ लेने की अपील की।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर स्टेशन पर रेल सलाहकार समिति के सदस्य मनोज सोनी, पूर्व सदस्य एवं प्रवक्ता सुनील जैन, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल जिला महामंत्री सूरज पाल सिंह सोलंकी, गणेश गुरबाणी आशीष चटकले, चंद्रेश पचौरी, तेजेंद्र बॉथम, हेमंत पाटिल, महेश जायसवाल, भरत सोनी, स्टेशन प्रबंधक अरविन्द साहा और राम बाबू आदि मौजूद थे।



# जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया




**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। गुरूनानक स्कूल खंडवा में मंगलवार सुबह ''जल संरक्षण'' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपस्थित विद्यार्थियों उनके अभिभावकों, स्कूल के शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया।**

इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित सभी अभिभावकों को अपने-अपने घरों की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस दौरान सम्बोधित करते हुए कहा कि पानी की बढ़ती आवश्यकता के कारण भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम पानी का उत्पादन तो नहीं कर सकते, लेकिन पानी को बचा तो सकते हैं। इसलिए आज से ही पानी बचाने और जल संरक्षण के लिए सभी संकल्प लें। उन्होंने कहा कि भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने इस दौरान बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत इन दिनों नदी नालों पर बोरी बंधान संरचनाएं निर्मित की जा रही हैं, जिससे बहते हुए पानी को रोककर आसपास के जल स्रोतों का जलस्तर बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिला प्रशासन ने जिले के सभी शासकीय कार्यालय भवनों, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों के आवास भवनों एवं अन्य सभी भवनों की पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षा के पानी की एक भी बूंद व्यर्थ बहकर ना जाए।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी पी. एस. सोलंकी, श्री गुरु सिंघ सभा के अध्यक्ष सरदार जोगिंदर सिंघ कुकरेजा, सरदार रणवीर सिंघ चावला और गुरमीत सिंघ उबेजा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया।

**पुलिस- कार्रवाई** 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 99 वाहन चालकों पर कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 25 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 07 प्रकरणों मे 16 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 129 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरणों मे 02 अनावेदकों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत 05 प्रकरणों मे 07 अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिले में 03 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में दिनांक 08.12.2025 को कुल 19 गिरफ़्तारी, 32 जमानती वारंट, 60 समन जिले के विभिन्न थानों के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

विशेष अभियान के तहत जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालको के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले कुल 99 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 43500/-रु.वसूल किए गए है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय द्वारा रेलवे स्टेशन पार्किंग एरिया मे ऑटो चालकों की चेक कर सांझाइश दी एवं जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।